आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 27.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून में यूसीसी पोर्टल और नियमावली का लोकार्पण कर रहे हैं।
- प्रदेश में कल से शुरू हो रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों की सभी तैयारियों पूरी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे।
- उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुम्भ क्षेत्र को आज से वाहन रहित क्षेत्र घोषित किया है।

यूसीसी

प्रदेश में आज से समान नागरिक संहिता– यूसीसी लागू हो रही है। इसके साथ ही उत्तराखंड देश में यह अधिनियम लागू करने वाला पहला राज्य बन जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज देहरादून में यूसीसी पोर्टल और नियमावली का लोकार्पण कर रहे हैं। यूसीसी से समाज में एकरूपता आएगी और सभी नागरिकों के समान अधिकार और दायित्व सुनिश्चित होंगे। समान नागरिक संहिता के अंतर्गत जाति, धर्म, क्षेत्र व लिंग के आधार पर भेद करने वाले व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित सभी कानूनों में एकरूपता लाने का प्रयास किया गया है। गौरतलब है कि यूसीसी पोर्टल के आधिकारिक लॉचिंग से पहले प्रदेश में संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया था। यूसीसी का उद्देश्य सभी नागरिकों के लिये समान अधिकार सुनिश्चित करना है।

राष्ट्रीय खेल

प्रदेश में कल से 38वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजधानी देहरादून से इन खेलों का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी एजेंसियां अलर्ट है। वहीं, राष्ट्रीय खेलों की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। खेलों के दौरान खिलाड़ियों की स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। देहरादून के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय जैन के अनुसार प्रत्येक खेल के लिए दो–दो मेडिकल टीम 8 घंटे की शिफ्ट में लगायी गयी हैं। इसके अलावा 6–6 मेडिकल टीम देहरादून के दून अस्पताल और कोरोनेशन अस्पताल में तैनात रहेगी, ताकि रात में अगर किसी खिलाड़ी को स्वास्थ्य सम्बंधित कोई परेशानी हो, तो तुरंत एम्बुलेंस के साथ उनके आवास स्थान पर जाकर उपचार किया जाएगा।

इस बीच, खेलों में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में खिलाड़ी और उनके कोच पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही खेल प्रेमियों के आने का सिलसिला भी जारी है। उधर, रेलवे स्टेशन और आयोजन स्थलों पर पहुंचने

पर खिलाड़ियों का उत्तराखंड की लोक संस्कृति में स्वागत किया जा रहा है। पिथौरागढ़ से बॉलीवुड अभिनेता हेमंत पांडे ने देशभर के खिलाड़ियों से उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया।

राष्ट्रीय खेल 2

वहीं, राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से पहले केन्द्र और राज्य सरकार खेलों के प्रचार के लिए कई स्तरों पर प्रयास कर रही है। हरिद्वार में हर की पैड़ी पर सांस्कृतिक भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर खेल मंत्री रेखा आर्य ने मां गंगा की पूजा अर्चना कर खेलों के सफल आयोजन की कामना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी उत्तराखंड के लिए सौभाग्य की बात है। यह उत्तराखंड बनने के बाद का सबसे बड़ा आयोजन होने जा रहा है।

राष्ट्रीय खेल चमोली

प्रदेश भर में 38वें राष्ट्रीय खेलों को लेकर उत्साह का माहौल है। चमोली जिले के 50 खिलाड़ियों को कल होने वाले उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। जिला युवा कल्याण अधिकारी धीरेंद्र द्विवेदी ने कहा कि उत्तराखंड को 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का मौका मिला है, जो प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि कल होने वाले उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किये गए जिले के 50 खिलाड़ियों को आज गोपेश्वर से देहरादून के लिए रवाना किया गया।

वहीं हॉकी प्रशिक्षक जगदीश का कहना है कि जिले के खिलाड़ियों के लिए ये बेहतरीन अवसर है। इससे उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी और काफी कुछ सीखने को मिलेगा।

राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह के लिए देहरादून जाने वाले खिलाड़ियों में अलग की उत्साह और जोश देखने को मिला।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे। राजधानी के करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित रैली का विषय है– युवा शक्ति, विकसित भारत। आयोजन के दौरान एनसीसी के आठ सौ से अधिक कैडेट सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्र निर्माण के प्रति एनसीसी की प्रतिबद्धता की झलक होगी। रैली में 18 मित्र देशों के 144 युवा कैडेट भी कदम ताल करेंगे। इसके अलावा, मेरा युवा भारत तथा शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत 650 से अधिक स्वयंसेवक भी रैली में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## महाकुंभ

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुम्भ क्षेत्र को आज से वाहन रहित क्षेत्र घोषित किया है। यह फैसला 29 जनवरी को आगामी अमृत स्थान मौनी अमावस्या के अवसर पर संभावित भीड़ के सुचारू प्रबंधन के लिए लिया गया है। एकीकृत नियंत्रण और कमान केंद्र को भीड़ पर नजर रखने तथा संगम पर अत्यधिक श्रद्धालुओं के जुटने पर नियंत्रण के लिए सक्रिय किया गया है। किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए अधिक भीड–भाड वाले क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई दल तैनात किए गए हैं।

## उत्तरकाशी आग

उत्तरकाशी जिले में सुदूरवर्ती मोरी ब्लॉक के सावणी गांव में नौ आवासीय भवन जलकर राख हो गए। गांव की एक बुजुर्ग महिला लापता बताई जा रही है। जिलाधिकारी मेहरबान सिंह ने बताया कि राहत और बचाव कार्य के लिए रात को ही टीमें रवाना कर दी गईं। रात को ही आग पर नियंत्रण पा लिया गया। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी जिले के मोरी ब्लॉक के सावणी गांव में लगी आग से प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि प्रभावित परिवारों को आवश्यक सामग्री, भोजन, कपड़े और अस्थायी आश्रय की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर की जाए। इस बीच, प्रभावित परिवारों के लिए प्रशासन द्वारा खाद्यान्न किट, कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था की जा रही है।

## अंतरिक्ष प्रयोगशाला

सीमांत जिले चमोली में अंतरिक्ष शिक्षा विकास के लिए जल्द ही एयरोस्पेस लैब की स्थापना होने जा रही है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी की पहल पर अंतरिक्ष प्रयोगशाला स्थापित करने की कवायद शुरू हो गई है। यह प्रयोगशाला युवाओं को अंतरिक्ष के रहस्यों को जानने में मदद करेगी। प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय में कार्यरत उप सचिव मंगेश घिल्डियाल ने जिलाधिकारी चमोली और बोइंग एयरोस्पेस के बीच समन्वय स्थापित किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि अंतरिक्ष प्रयोगशाला खुलने से युवा शिक्षार्थियों को अंतरिक्ष के चमत्कारों और रहस्यों को जानने का मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान से परिचित होने पर अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में देश की प्रगति में तेजी आएगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय में कार्यरत उप सचिव मंगेश घिल्डियाल इससे पहले चमोली के मुख्य विकास अधिकारी और टिहरी व रुद्रप्रयाग जिलों में जिलाधिकारी के पद पर कार्य कर चुके हैं। पहाड़ी जिलों में किए गए विकास कार्यों के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है।